आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 06.07.2026    समय : 07.10PM

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में भव्य स्वागत। यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय चर्चा और आपसी साझेदारी में हुई प्रगति की होगी समीक्षा।
- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भोपाल के सतगढ़ी में स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क की आधार शिला रखी, कहा-बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भी मध्यप्रदेश में कर रहे निवेश।
- 3- ज्ञान भारतम् ऐप पर दुर्लभ प्राचीन पांडुलिपियों को सहेजने और संरक्षित करने में देश में प्रथम मध्यप्रदेश।
- प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय, आज 23 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी।

प्रधानमंत्री इंडोनेशिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दोपहर बाद इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचे, जहां से उन्होंने अपने तीन देशों के हिंद-प्रशांत दौरे की शुरुआत की। जकार्ता हवाई अड्डे पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने उनका व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया। स्थानीय इंडोनेशियाई समुदाय और भारतीय प्रवासी समुदाय ने प्रधानमंत्री मोदी का भव्य और उत्साहपूर्ण स्वागत किया, जिसमें पारंपरिक भारतीय और इंडोनेशियाई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल थीं। यह प्रधानमंत्री मोदी की इंडोनेशिया की चौथी यात्रा है और मई 2018 में भारत-इंडोनेशिया संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत किए जाने के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा है। पेश है एक रिपोर्ट

अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, श्री मोदी 8 से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करेंगे। वहीं तीसरे और अंतिम चरण में, श्री मोदी 10 जुलाई को न्यूजीलैंड पहुंचेगे।

इंडस्ट्रियल पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के सतगढ़ी में 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क' का भूमि-पूजन एवं शिलान्यास किया। राष्ट्रवादी चिंतक और भारत के प्रथम उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इंडस्ट्रियल पार्क की सौगात दी। लगभग 173 एकड़ में विकसित होने वाला यह स्मार्ट इंडस्ट्रियल पार्क भोपाल और आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का नया

आधार माना जा रहा है। इसमें आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना, आईटी एवं एआई आधारित सुविधाएं और लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग कॉम्प्लेक्स विकसित किए जाएंगे। यह परियोजना 'वर्क-लिव-ग्रो' मॉडल पर आधारित होगी, जिसमें उच्च मूल्य विनिर्माण, गारमेंट, टॉयज, आईटी और एआई से जुड़े उद्योग स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि अमेरिका, इंग्लैंड, जापान जैसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश, मध्यप्रदेश में दस हजार करोड़ से अधिक का निवेश कर रहे हैं।

फिश एग्रीमेंट

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मौजूदगी में आज भोपाल में कुवैत की अग्रणी मत्स्य कंपनी और कामदार्स केयर इंदौर के बीच 7 हजार 430 करोड़ रुपए के निवेश और बाय बैक एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए। यह एग्रीमेंट मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्योद्योग नीति 2026 के अंतर्गत हुआ है। करार के तहत कुवैत की कंपनी इंदिरा सागर, बरगी, बाणसागर और बारना जलाशय में इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करेगी जिससे 35 हजार रोजगार सृजित होंगे। इस करार से प्रदेश से लगभग 6 हजार करोड़ रूपए के मत्स्य निर्यात का अनुमान है।

कृषक संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज ग्वालियर में"संभाग स्तरीय उन्नत कृषक संवाद सम्मेलन" में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने किसानों से संवाद कर उनके प्राकृतिक खेती से संबंधित अनुभव भी सुने। मुख्यमंत्री ने यहां से हाइटेक नर्सरी एवं फ्लोरीकल्चर गार्डन का भूमिपूजन भी किया। इस हाईटेक नर्सरी और फ्लोरीकल्चर गार्डन के प्रथम चरण के कार्य के लिये सरकार द्वारा 13 करोड़ रुपए की धनराशि मंजूर की गई है।

पांडुलिपि

भारत सरकार की डिजिटल पहल 'ज्ञान भारतम् ऐप' के अनुसार, दुर्लभ प्राचीन पांडुलिपियों की सूचना दर्ज करने और उनके संरक्षण के मामले में मध्य प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। ज्ञान भारतम् ऐप के माध्यम से 3 जुलाई 2026 को मध्य प्रदेश ने अब तक कुल 34 लाख 45 हजार 439 पांडुलिपियों पन्नों का पंजीकरण किया जा चुका है। 12 लाख 13 हजार 127 पांडुलिपियों का 'ज्ञान भारतम्' द्वारा सफलतापूर्वक सत्यापन हुआ है शेष सत्यापन की प्रक्रिया में हैं, जिनका चरणबद्ध तरीके से परीक्षण एवं प्रमाणीकरण किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग शिव शेखर शुक्ला ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि आज भी विश्वभर के मंदिरों, मठों, पुस्तकालयों और संग्रहालयों में संरक्षित भारतीय पाण्डुलिपियाँ हमारी समृद्ध ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं।

एनटीए-फीस

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी-एनटीए ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यूजी 2026 परीक्षा की फीस वापसी के लिए बैंक खाता विवरण अपडेट करने की समय सीमा 7 जुलाई तक बढ़ा दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, एनटीए ने सूचित किया कि जिन उम्मीदवारों ने अपने बैंक खाता विवरण की पुष्टि कर दी है, उनके लिए रिफंड प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एनटीए ने बताया कि अब तक केवल 8 लाख 29 हजार 510 उम्मीदवारों ने ही अपने बैंक विवरण में सुधार या अपडेट किया है। प्रश्न पत्र लीक होने के आरोपों के बाद इस वर्ष 3 मई को आयोजित परीक्षा रद्द होने के बाद एनटीए द्वारा रिफंड प्रक्रिया चलाई जा रही है।

मानसून

प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। आज प्रदेश के 23 जिलों में अति भारी और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक आज सागर, दमोह, बैतूल, देवास, आलीराजपुर, उमरिया, सिवनी, छिंदवाड़ा और अनूपपुर में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। वहीं रतलाम, उज्जैन, धार, शाजापुर, सीहोर, विदिशा, गुना, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और पन्ना में भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी सहित प्रदेश के बाकी जिलों में भी कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मंडला शहर में आज शाम 4 बजे से शुरू हुई बारिश लगभग दो घंटे तक लगातार होती रही। छिन्दवाड़ा जिले में बीते 24 घंटों के दौरान 24.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। इंदौर जिले में इस सत्र में अब तक 314.3 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है।

संक्षिप्त समाचार

- कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत कल नीमच जिले के हार्कियाखाल स्थित श्री बालाजी मंदिर पहुंचेंगे और हां दर्शन व पूजा-अर्चना करेंगे।
- छतरपुर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने औचक निरीक्षण कर  निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
- छिन्दवाड़ा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर वन स्टॉप सेंटर में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।
- शहडोल के सरहट की 'आजीविका हल्दी प्रसंस्करण इकाई' से जुड़े 135 किसानों ने रिकॉर्ड 130 मीट्रिक टन हल्दी का उत्पादन किया।
- बैतूल विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 8 जुलाई को टैगोर वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में विशेष शिविर में उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा.

- सीहोर जिले के आष्टा-पचोर-शुजालपुर मार्ग पर एक कार और ट्रक टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई वहीं चार यात्री गंभीर घायल हो गए
- 7-खंडवा में सात दिवसीय सिविल डिफेंस स्वयंसेवक प्रशिक्षण शिविर आज का शुभारंभ किया गया।
- कटनी पुलिस द्वारा "सेफ क्लिक 2.0" साइबर जागरूकता अभियान के तहत हुआ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।
- अशोकनगर पुलिस ने 88 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

-----------------------------